चना फली भेदक (हेलिकोवरपा आर्मीजेरा) कीट का प्रबंधन

परिचय

- चना फली भेदक (हेलिकोवरपा आर्मीजेरा) चना व अरहर की फसलों का प्रमुख हानिकारक कीट है।
- यह कीट प्रतिवर्ष औसतन 20–30 प्रतिशत तक चना व अरहर की फसलों को क्षति पहुँचा सकता है।
- एक व्यस्क चना फली भेदक की सूड़ी अपने जीवन काल में औसतन चना की 30 फलियों को नुकसान पहुँचाती है।
- यह कीट लगभग 181 फसलों को हानि पहुँचाता है।
- चना, अरहर के अलावा कपास, सूरजमुखी, टमाटर, भिण्डी, ज्वार, बाजरा और मूँगफली में भी यह कीट आर्थिक क्षति पहुँचाता है।
- अत्यधिक प्रजनन व पलायन क्षमता के साथ ही बहुभक्षी होना, चना फली भेदक के अत्यधिक हानिकारक होने का मूल कारण है।